हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 जून 2024

तापमान
अधिकतम 37.6 डिग्री
न्यूनतम 27.1 डिग्री

12 सुबह बूंदाबांदी, दोपहर को घोट, शाम को फिर छाई घटा



12 जिला सड़क सुरक्षा कमेटी ने की बैठक




## खबर संक्षेप

### नेटबॉल चैम्पियनशिप 30 से सिसाना में

**खरखौदा।** 18 वीं सीनियर जिला सोनीपत नेटबॉल चैम्पियनशिप (पुरुष ) 30 जून व 1 जुलाई गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिसाना में आयोजित की जाएगी। जिसमें जिला के सभी ब्लॉक की टीमें हिस्सा लेंगी। यह जानकारी देते हुए जिला नेटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अंकित ने बताया कि इस चैम्पियनशिप के दौरान जिला सोनीपत नेटबाल टीम के लिए पुरूष वर्ग में 20 खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा और यह सभी कार्य हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के ऑब्जर्व हितेश कौशिक की देखरेख में होगा।

### संदिग्ध हालत में किशोर लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में घर से निकले किशोर के संदिग्ध हालत में लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस किशोर की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव गढ़ी घसीटा निवासी अभीनव राणा ने बताया कि उसका बेटा सोरभ उर्फ कालू गत 14 जून को बिना बताएं घर से निकल गया। जोकि अब तक वापिस नहीं लौटा। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि किशोर कीत लाश के प्रयास किए जा रहे है।

### घर के बाहर बैठे युवक से की मारपीट

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव प्रीतमपुरा में घर के बाहर बैठे युवक से मारपीट कर घायल करने व बीच-बचाव में आए उसके भाई-भाभी से मारपीट कर धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव प्रीतमपुरा निवासी बलराम ने बताया कि उसका भाई संदीप घर के बाहर पेड़ियों पर बैठा हुआ था। उसी दौरान गांव की प्रीति उसके भाई को चप्पल से पीटने लगी। शोर सुनकर वह बाहर आया।

### पिस्तौल के बल पर फैक्टरी सुपरवाइजर से की मारपीट

**गन्नौर।** सनपेड़ा स्थित कंसल पेब फैक्ट्री से बाइक पर घर लौट रहे फैक्टरी सुपरवाइजर व उसके दो साथियों के साथ सनपेड़ा मोड़ पर बदमाशों ने मारपीट कर दी। मारपीट के बाद बदमाश पिस्तौल के बल पर सुपरवाइजर की बाइक लूट कर फरार हो गए। सुपरवाइजर ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। जानकारी अनुसार अमखेड़ा, पीलीभीत, उत्तरप्रदेश हाल जीवन विहार, मुरथल रोड पर किराये पर रहने वाला इजहार सनपेड़ा स्थित कंसल पेब फैक्ट्री में सूपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। मंगलवार की रात को इजहार अपने साथी, शाबीर व नोशाद के साथ बाइक पर कमरे पर लौट रहे थे।

### पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपे

# अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत

- आरोपित वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किए मुकदमें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले में अलग-अलग स्थानों पर लापरवाही और तेज रफ्तारी ने पांच लोगों की जिंदगी लील ली। सड़कों पर जगह-जगह खून बहा। एनएच-334बी पर गांव खेवड़ा के पास कार की टक्कर से ट्रैक्टर सवार युवक की मौत हो गई और उनकी पत्नी, साला व ट्रैक्टर चालक घायल हो गए। कार सवार चार लोगों को भी गंभीर चोट लगी है। मेप्सको सिटी में घूमने निकले खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक की बाइक से टक्कर लगने से मौत हो गई। वहीं गांव भठगांव के पास अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने के चलते दो युवकों की जान गई तो नाथूपुर के पास ईको की टक्कर से महिला की मौत हो गई।

बिहार के जिला दरभंगा के सिमरी स्थित वार्ड-12 मिश्रौली निवासी मोहम्मद रजा नदाफ ने बताया कि वह फिलहाल गांव बारोटा में किराए पर रहते हैं। वह अपने जीजा उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ के गांव सिंघौली कलां राजमऊ निवासी मुनेश कुमार व बहन सोनी के साथ मंगलवार को पलड़ी कलां गांव में किसी काम से गए थे। वह काम खत्म कर वापस बारोटा आ रहे थे। उन्होंने पलड़ी कलां से एक ट्रैक्टर चालक से लिफ्ट ली थी। जब वह खेवड़ा गांव के पास स्थित निजी स्कूल के सामने पहुंचे तो पीछे से एक कार ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उनके जीजा मुनेश ट्रैक्टर के नीचे दब गए। मोहम्मद रजा नदाफ ने बताया कि वह, ट्रैक्टर चालक व उनकी बहन सोनी सडक पर गिरकर घायल हो गए। उन्होंने राहगीरों की मदद से मुनेश को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। उन्हें राहगीरों की मदद से नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया।

#### बाइक की टक्कर से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर की मौत

मेप्सको सिटी में घूमने निकले खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। गांव अहमदपुर निवासी उमेश ने बताया कि उनके जीजा मूलरूप से गांव पिनाना फिलहाल मेप्सको सिटी निवासी नरेंद्र मलिक मंगलवार रात को घुमने के लिए निकले थे। उमेश ने बताया कि जब उनके जीजा मेप्सको सिटी की सडक पर घुम रहे थे तो उस समय वह कार लेकर घर जा रहे थे। उन्होंने देखा कि बाइक सवार ने पैदल राहगीर को टक्कर मार दी। वह कार रोककर घायल के पास गए तो पता लगा कि वह उनके जीजा था। उन्होंने अपने जीजा को लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्हें गंभीर हालत के चलते दूसरे निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। वहां से उपचार देकर उन्हें नागरिक अस्पताल में भेज दिया। जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने उमेश के बयान पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

#### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने से दो साथियों की मौत

गांव भठगांव के पास अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने के चलते दो युवकों की मौत हो गई। गांव सलीमसर माजरा निवासी सुनील (27) व अंकित बाइक पर सवार होकर मंगलवार देर रात करीब 11 बजे गांव की तरफ जा रहे थे। जब वह गांव भठगांव के पास पहुंचे तो उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दोनों साथियों की मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### पति की आंखों के सामने गई महिला की जान

गांव नाथूपुर के पास ईको की टक्कर से महिला की मौत हो गई। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के गांव राजवरोलिया निवासी ताराचंद ने बताया कि वह बारोटा में नरेश के मकान में किराए पर रहते हैं। वह अपनी पत्नी रामबेटी के साथ बारोटा गांव से नाथूपुर पैदल जा रहे थे। उसकी पत्नी आगे चल रही थी। इस बीच तेज रफ्तार ईको कार ने उसकी पत्नी को टक्कर मार दी। उन्होंने अपनी पत्नी को संभाला। ईको कार चालक भी उनके पास आ गया। ईको चालक की मदद से वह अपनी पत्नी को सोनीपत के नागरिक अस्पताल में लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उनकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में ईको चालक ने अपनी पहचान रामनिवास निवासी बक्करवाला, दिल्ली के रूप में दी। पुलिस ने आरोपी रामनिवास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आपातकाल के विरोध में भाजपा ने मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किए गए लोगों के साथ भाजपा नेतागण।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 1975 में लगाए गए आपातकालीन इमरजेंसी की विभीषिका को 'आपातकाल एक काला दिवस' के रूप में मनाया। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी की सोनीपत इकाई द्वारा शहर के सैक्टर 14 स्थित अग्रसेन भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व मंत्री कविता जैन एवं हरियाणा प्रदेश सचिव उमेश शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास रहे।

मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री कविता जैन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 1975 को लगाए गए आपातकाल को 49 साल पूरे हो चुके हैं। भाजपा इस दिन को भारतीय लोकतंत्र की हत्या का सबसे काला दिवस के रूप में मनाती आई है। उन्होंने कहा कि उसे समय की व्यथा को आज शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर भाजपा के हरियाणा प्रदेश सचिव उमेश शर्मा ने कहा कि आपातकाल को याद करते ही तात्कालिक कांग्रेस सरकार के विरोधियों की रूह तक कांप जाती है कि कब, किसको, कहां से उठा कर जेलों में भर दिया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक जिला प्रवक्ता तरूण देवीदास ने कहा कि जब इंदिरा गांधी ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए इलाहबाद उच्च न्यायालय के निर्णय को ना मानते हुए देश भर को खुली जेल बना दिया था।

### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के चलते धारा-144 लगाई

**सोनीपत।** जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के तत्वावधान में 03 जुलाई से 11 जुलाई तक आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के चलते धारा-144 लगाने के आदेश जारी किए हैं। इन परीक्षाओं का आयोजन दोपहर बाद 02 बजे से सांयकाल 05 बजे तक होगा। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों की परिधि में किसी भी कारण से होने वाले तनाव को रोकने व शांति बनाए रखने के उद्देश्य से धारा-144 लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों के जमावड़े पर रोक रहेगी।

## सड़क हादसे में विवि के छात्र की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में अग्रसेन चौक के पास ट्रक की टक्कर से बुलेट बाइक पर सवार दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीक्रस्ट) के छात्र की मौत हो गई और उनका साथी घायल हो गया। मृतक के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। सेक्टर-16 एस ओडिशा हाल में फरीदाबाद निवासी दीपक नायक ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित एचसीएल कंपनी में कार्यरत है। उसका बेटा साई प्रेमदीप (20) मुरथल स्थित डीक्रस्ट विवि में बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र था। वह सोमवार को अपने दोस्त यश के साथ बुलेट बाइक पर सवार होकर मुरथल की ओर से सोनीपत आ रहा था। बाइक साई प्रेमदीप चला रहे था। जब दोनों मुरथल रोड पर अग्रसेन चौक के निकट पहुंचे तो पीछे से आए ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सडक पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रेमदीप की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने ट्रक को रुकवा कर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया।

## रोडवेज कर्मचारियों ने दिया धरना, भूख हड़ताल की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले रोडवेज के कर्मचारियों ने गोहाना बस स्टैंड में धरना देकर सांकेतिक भूख हड़ताल की। कर्मचारी अधिकारियों द्वारा मांगें पूरी न किए जाने से नाराज हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि समय रहते मांगों को पूरा न करने पर 14 जुलाई को पूरे प्रदेश से रोडवेज कर्मचारी परिवहन मंत्री आवास का घेराव करेंगे। कर्मचारी नेता अशोक खोखर, संजीव स्वामी व अनिल गंगाना की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से दोपहर चार बजे तक बस स्टैंड परिसर में कर्मचारियों ने धरना देकर सांकेतिक भूख हड़ताल की। धरने का संचालन अशोक पांचाल ने किया। संजीव स्वामी ने कहा कि 23 जून 2023 की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियों के साथ मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल की बातचीत हुई थी। इस दौरान कई मांगों को पूरा करने पर सहमति बनी थी। अब तक कर्मचारियों के अर्जित अवकाशों में कटौती न करने, चालक व परिचालक का पे ग्रेड बढ़ाने, 2016 में लगे चालको को पक्का करने, 2002 में लगे चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने, पदोन्नति समेत अन्य मांगों पूरी नहीं की गई हैं।

## विधायक व पार्षदों ने नगर निगम को दिया 10 दिन का अल्टीमेटम

- विधायक सुरेंद्र पवार ने कांग्रेस भवन सोनीपत में पार्षदों के साथ पत्रकार वार्ता को किया संबोधित
- मेयर रहे अनुपस्थित, विधायक का आरोप बिना पैसे के निगम में नहीं होता कोई काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार पार्षदों के साथ पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि नगर निगम प्रशासन कुंभकरणी नींद सोया हुआ है, शहर में चारों तरफ हाहाकार मची हुई हैं। बीते दो दिन पहले आधे घंटे की बारिश ने नगर निगम के दावों की कलई खोल कर रख दी है। जहां प्रशासन पानी निकासी के पुख्ता दावे कर रहा था लेकिन आधे घंटे की बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया। पानी निकासी की व्यवस्था को पुख्ता नहीं किया गया तो सभी पार्षदों व शहरवासियो के साथ सख्त कदम उठाने में पीछे नहीं हटेंगे। विधायक सुरेंद्र पवार कांग्रेस भवन सोनीपत में सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर व पार्षदों के साथ पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि नगर निगम आज हर समस्या के समाधान में विफल साबित हो रहा है, चाहे सीवरेज व्यवस्था की बात हो, पेयजल व्यवस्था की बात हो, सड़कों की हालत हो, गलियों की दशा हो, हर जगह शहर वासी परेशान परेशानी झेल रहे हैं। जब अधिकारियों को समस्याओं के बारे में बताया जाता है तो वह एक दूजे पर काम डाल देते हैं, कई बड़े प्रोजेक्ट भी अधर में लटके हुए हैं। विधायक सुरेंद्र पवार ने हाउस की मीटिंग पर बोलते हुए कहा कि करीब चार साल में सिर्फ चार मीटिंग मुश्किल से हुई है, मीटिंग की तिथि फिक्स कर दी जाती है लेकिन मौके पर उसको कैंसिल कर दिया जाता है। यदि सदन की बैठक नहीं होगी तो किस तरह शहर के विकास कार्यों पर चर्चा होगी व उन्हें पूरा करवाया जाएगा। अभी तक हाउस की जितनी भी मीटिंग हुई है उनमें जो प्रस्ताव पास हुए हैं वह भी अधिकांश आधार में लटके हुए हैं। लेकिन उसमें भी किसी अधिकारी की कोई जवाबदेही तय नहीं है। नगर निगम पूर्ण रूप से फेल होता नजर आ रहा है। प्रत्येक वार्ड का पार्षद अपने वार्ड की प्रमुखता से आवाज उठाता है, लेकिन नगर निगम के उच्च अधिकारी उस आवाज को न तो सुनते हैं नहीं उसे पर कार्रवाई करते हैं।

#### 2014 में शुरू हुआ था भ्रष्टाचार

पत्रकारवार्ता में विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि 2014 में विधायक के मंत्री बनने के बाद से ही नगर निगम में भ्रष्टाचार का क्रम शुरू हुआ था। उस समय किसी भी इमारत के मालिक को नोटिस दे दिया जाता था और फिर रिश्वत लेकर छोड़ दिया जाता था। ये ही प्रथा आज तक चली आ रही है। विधायक ने कहा कि निगम में तमाम अधिकारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। बिना पैसे के कोई काम नहीं होता। मेयर निखिल मदान की अनुपस्थिति के सवाल पर विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि पत्रकारवार्ता के लिये उन्हें भी सूचित किया गया था, लेकिन उन्हें कोई जरूरी काम रहा होगा, इसी वजह से वे यहां नहीं आए।

## नशीली दवाओं का दुरुपयोग जान से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना


गोहाना। पौधारोपण करते हुए निदेशक डॉ. दुरेजा व अन्य स्टाफ सदस्य।

भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के निदेशक कृष्ण चंद्र दुरेजा ने कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग जान से खिलवाड़ है। वे बुधवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं यौन तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर संस्थान के परिसर में मनारोग विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कर रहे थे। निदेशक के अनुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारित, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण अंत्योदय सेवा विभाग नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं यौन तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रणव बंसल, डॉ. संगीता दुरेजा, डॉ. आंकाक्षा खर्ब, विनोद दुआ, अजीत सिंह, डॉ. जोगेंद्र बल्हारा, डॉ. देवेंद्र कुमार, हरीश मलिक, नरेंद्र हुड्डा और मोनू सहित अन्य स्टाफ सदस्य व एमबीबीएस की छात्राएं मौजूद रहीं।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुमित उर्फ टीनू निवासी राम नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुसिल मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने शहर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह कुछ दिन के लिए बाहर गई हुई थी। जब वह वापिस घर लौटी तो उसकी नाबालिग बेटी ठीक से खाना नहीं खा रही थी। उसने बताया कि सुमित नाम का युवक उसे बहला फुसलाकर ले गया था।

## किसानों ने किया उपायुक्त कार्यालय का घेराव, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सानीपत। किसाना सभा की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

संयुक्त किसान मोर्चा का अहम घटक किसान संगठन अखिल भारतीय किसान सभा सोनीपत में किसानों ने उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन नायब तहसीलदार को दिया गया, जिसमें मांग की गई कि केंद्र सरकार एसपी की कानूनी गारंटी दे, बिजली बिल 2022 को तुरंत प्रभाव से रद्द करें, जन सेवाओं का निजीकरण बंद किया जाए, गरीब किसान मजदूर के तमाम प्रकार के कर्ज माफ किए जाएं, 12 किलोमीटर के दायरे में टोल की परिधि को टोल फ्री किया जाए, खेतों में आने-जाने का रास्ता दिया जाए। 10 सूत्री मांग पत्र नायब तहसीलदार संजय बुरा के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजी। इस दौरान सभा के जिला प्रधान रणवीर मलिक, पूर्व प्रधान रामनिवास राणा, अमरजीत सोलंकी, श्रद्धानंद सोलंकी, ओम प्रकाश मलिक, सिल्क राम मलिक, आनंद हुड्डा, वेद, नफेसिंह मलिक, राजवीर मलिक, बलवीर मलिक, पिनाना गांव के पूर्व सरपंच राज सिंह आदि मौजूद रहे।

## फर्जी वेबसाइट बनाकर लाखों रुपये की नकदी ऐंठी, पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज

- साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर ठगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र में व्यक्ति से फर्जी वेबसाइट तैयार करके मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि के ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में ठगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जवाहर नगर निवासी विजेंद्र ने बताया कि उसके पास गत 24 अप्रैल को एक वट्अप पर लिंक आया। उसके बाद उसे ग्रुप पर स्टॉक मार्केट से जानकारी दी गई। उसके बाद एक वेबसाइट पर लिंक के जरिए जोड़ दिया गया। उसके बाद उसने ट्रेडिंग के जरिए मुनाफा दिखाया गया। गत 13मई से 20 मई तक उससे सात लाख 67 हजार रुपये लगवाएं। जिसका मुनाफा 80 हजार रुपये दिखाया गया। उसके बाद उससे बाइक के रुपये निकालने के लिए एक लाख 26 हजार 700 रुपये खाते में डलवा लिए। जब उसने एसईबीआई हेल्प लाइन पर बात की तो उन्होंने बताया कि उक्त कंपनी फ्रांड है।

### समाधान शिविर में उपायुक्त की अध्यक्षता में अधिकारियों ने की सुनवाई

# 78 शिकायतें आई, 21 का हुआ समाधान, 57 लंबित

- ब्लॉक स्तर पर भी हुआ आयोजन, संबंधित एसडीएम ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। समाधान शिविर में अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें रखते हुए लोग।

सरकार के निर्देशों के तहत जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को जिले में जिला स्तरीय और उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाया गया, जोकि उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 78 शिकायतें सामने आई, जिनमें से 21 शिकायतों का निपटारा मौके पर किया गया, वहीं 57 शिकायतों का लंबित की श्रेणी में रखा गया है। इसी श्रेणी में बुधवार को लघु सचिवालय में आयोजित हुए समाधान शिविर में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे जिनकी सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया और बाकी शिकायतों समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को बुलाकर उनका समाधान करने के लिए दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में 10 जून से अब तक कुल 1104 शिकायतें आई हैं, जिनमें से 324 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा चुका है और 780 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों में भेजा गया है। बुधवार को समाधान शिविर में आई अधिकतर शिकायतें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित थी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त रेणुका, डीआरओ हरिओम अत्री तथा डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

#### पीपीपी और आधार कार्ड की 35 शिकायतें

बुधवार को सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड से संबंधित थी। शिविर में कुल 35 शिकायतें आई, जिसमें से 13 का समाधान हो पाया। वहीं 22 को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा प्रोपर्टी आईडी, रजिस्ट्री/इंतकाल, विकास, एसडीएम खरखौदा, परिवहन से संबंधित कुल 3-3 शिकायतें आई। जिनमें से क्रमश: 2, 1, 1 व शून्य शिकायतों का ही समाधान हो पाया। वहीं अपराध संबंधी 8 शिकायतों को भी लंबित रखा गया।

डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एक्सरसाइज करने से मिलेगी सरवाइकल पेन से राहत



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नीरज, रोहतक**

आपने यह नहीं बताया कि आपका प्रोफेशन क्या है, क्या आप लंबे समय तक कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ काम करते हैं। मौजूदा समय में तमाम लोगों को सर्वाइकल की समस्या हो रही है, इसकी मुख्य वजह लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना है। अगर ऐसा कुछ है तो आपको सबसे पहले एक्सरसाइज शुरू करनी चाहिए, इसके लिए फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क करें और सर्वाइकल की कुछ एक्सरसाइज सीखकर उसकी प्रैक्टिस शुरू कर दें, जिससे आपको स्थायी रूप इस दर्द से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 31 वर्ष है। मुझे कुछ खाने का मन नहीं होता है। भूख महसूस नहीं होती है, कई घंटे कुछ ना खाने पर भी पेट भरा भरा-सा लगता है। कृपया इस समस्या का उपचार बताएं।**

**-अनुज, धमतरी**

आप बता रहे हैं कि आपको भूख नहीं लगती, इसका सामान्य कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है, जिससे खाया गया खाना डाइजेस्ट नहीं होता है। आप सबसे पहले खान-पान में थोड़ा परिवर्तन करें। तला, भुना खाना बंद कर दें। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से तीन घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह थोड़ा परिवर्तन करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है, नहीं तो आप एक बार फिजिशियन डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। कभी-कभी मेरे सिर के दाहिनी तरफ तेज दर्द होने लगता है। धूप में निकलने पर या गर्मी में यह प्रॉब्लम अधिक होती है। कृपया इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजन, रायपुर**

माइग्रेन में ऐसे ही लक्षण देखे जाते हैं। तेज धूप में निकलने पर सिर दर्द हो जाता है। यह दर्द एक ओर होता है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप उन स्थितियों से बचें, जिससे आपका सिर दर्द शुरू होता है। आप डॉक्टर से संपर्क करके कोई मेडिसिन लिखवा लें और तेज दर्द होने पर उसे खा लिया करें।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर मैं चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। टेंशन की वजह से कई बार मेरा ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं चिंता और तनाव पर नियंत्रण रख सकूं।**

**-सदानंद, भोपाल**

इसका सबसे बेहतर तरीका है कि उन चीजों का समाधान करें, जिससे तनाव होता है। साथ ही आप सुबह-शाम आस-पास के पार्क में सैर और योग करें, इससे तनाव कम करने में मदद मिलेगी। अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा बढ़ रहा है तो जरूर आप चिकित्सक से संपर्क कर कोई दवा लिखवा लें और उसे नियमित ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर अकसर कील-मुंहासे निकल आते हैं। कई क्रीम यूज कर चुका हूं। लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। इनसे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-चेतन, डोंगरगढ़**

इस समस्या के लिए बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के क्रीम लगाकर आप एक्सपेरिमेंट ना करें। इससे समस्या कम होने के बजाय और बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। आपको वे कोई मेडिसिनल क्रीम एडवाइस करेंगे, जिनका नियमित रूप में इस्तेमाल करें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं फील्ड-जॉब करता हूं। धूप में बाहर रहने से मेरी स्किन टैन हो जाती है। कृपया बताएं कि टैनिंग और सन-बर्न से कैसे बचा जा सकता है?**

**-मंजीत, बिलासपुर**

टैनिंग से बचने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम धूप में निकलें। अगर धूप में निकलना अनिवार्य है तो त्वचा का एक्सपोजर कम से कम हो, इसके लिए हाथ पैर ढंक कर रखें। साथ ही सनस्क्रीन लगा सकते हैं। इसके अलावा आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से कंसल्ट कर लें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस

रेखा देशराज

इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 7 करोड़ 50 लाख लोग डायबिटीज या मधुमेह से पीड़ित हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मधुमेह से पीड़ित इन लोगों में बड़े पैमाने पर (20 से 25 फीसदी तक) युवा हैं, जिन्हें आमतौर पर पहले लाइफस्टाइल बीमारियां कम हुआ करती थीं। लेकिन वर्तमान में डायबिटीज एक ऐसी जानलेवा लाइफस्टाइल बीमारी बन गई है, जिसने पूरी दुनिया पर अपना शिकंजा कसा है। इसके चलते हर साल दुनिया भर से 67 लाख लोग असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं। अकेले भारत में ही 6 लाख से ज्यादा लोग हर साल डायबिटीज की वजह से समय पूर्व मर जाते हैं। इसलिए हर साल 27 जून को विश्व मधुमेह जागृति दिवस मनाया जाता है, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए।

## डिस्टर्ब लाइफस्टाइल का परिणाम

मधुमेह को साइलेंट किलर डिजीज इसलिए कहते हैं, क्योंकि चुपके से होने वाली एक जानलेवा बीमारी है। इसे होने से रोक पाना तो आसान होता है, लेकिन एक बार हो जाए तो फिर उससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल होता है। आमतौर पर मधुमेह बेतरतीब जीवनशैली का दुष्परिणाम होता है। इस दौर में युवाओं को ना सिर्फ सबसे ज्यादा मानसिक श्रम करना पड़ता है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तनाव में रहना पड़ता है, क्योंकि हर तरफ जिंदगी में भागम-भाग लगी हुई है। अगर अलग-अलग क्षेत्रों के मानदंडों के हिसाब से देखें तो इस समय जहां 20वीं सदी के मध्य के दशकों के मुकाबले काम-काज के घंटे औसतन 2 से 3 बढ़ गए हैं, वहीं देखने वाली एक बात यह भी है कि आज काम-काज का तौर-तरीका बेहद जटिल और तनावपूर्ण हो चुका है। पहले जहां इंसान मैन्युअल तरीके से काम किया करता था, तो उसके काम-काज में गंभीर प्रतिस्पर्धा नहीं होती थी, लेकिन आज इंसान की सामान्य गतिविधियों में भी 50 प्रतिशत तक



तकनीक का हस्तक्षेप हो गया है, इसलिए आज काम-काज का तरीका बहुत तेज रफ्तार हो गया है, जो कि ज्यादा सजगता और लगातार ज्यादा मेहनत की मांग करता है।

## मेंटल प्रेशर भी है वजह

मौजूदा दौर में लोगों के बीच जानलेवा प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण बेहतर लाइफस्टाइल हासिल करने की होड़ है। क्योंकि इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा आज लोगों में उपभोक्तावादी प्रवृत्ति हावी है, इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा उपभोग करते हैं और ज्यादा से ज्यादा काम के बोझ से भी लदे रहते हैं। इन सब स्थितियों ने हमारी जीवनशैली को अतीत के मुकाबले ज्यादा आसान और सुविधायुक्त तो बनाया है, लेकिन ये सुविधाएं बहुत ज्यादा कीमत वसूल रही हैं। इस वजह से युवाओं में बहुत ज्यादा तनाव है, इस कारण पहले जो युवा मस्त और बेफिक्र हुआ करते थे, आज ऐसे युवा ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलते। करियर से लेकर अच्छी नौकरी, आरामतलब लाइफ की चाहत और समय पर ईएमआई चुकाने का युवाओं पर जो भयानक दबाव है, उस दबाव को न झेल पाने के कारण हर साल भारत में हजारों नए युवा डायबिटीज के चक्रव्यूह में फंसने के लिए मजबूर हैं।

विशेषः विश्व मधुमेह जागृति दिवस

आमतौर पर डायबिटीज होने की मुख्य वजह गलत जीवनशैली और अनहेल्दी खान-पान को फॉलो करना होता है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में इसकी गिरफ्त में सबसे ज्यादा यंगस्टर्स ही आ रहे हैं। आज विश्व मधुमेह जागृति दिवस के अवसर पर यंगस्टर्स को डायबिटीज के प्रति अवेयर करने, उसके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# यंगस्टर्स में तेजी से बढ़ रही डायबिटीज की प्रॉब्लम







## यंगस्टर्स बरतें पूरी सावधानी

जीवनशैली की ऐसी स्थितियों को देखते हुए युवाओं को विशेष रूप से इस जानलेवा बीमारी से बचने की जरूरत है। पूरी दुनिया में जो 53 करोड़ 70 लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, उनमें करीब 17 करोड़ युवा हैं। भारत में करीब एक करोड़ से ज्यादा युवा अलग-अलग टाइप की डायबिटीज से पीड़ित हैं। इसलिए उन्हें अपने खान-पान से लेकर दिनचर्या तक में ज्यादा से ज्यादा सजग और अनुशासित रहना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, चाहे युवा हों या अधेड़, डायबिटीज से तभी बच सकते हैं, जब हम इससे अतिरिक्त रूप से सजग रहें और डायबिटीज के शुरुआती लक्षणों के दिखते ही सही ट्रीटमेंट शुरू कर दें।

## इन लक्षणों पर रखें नजर

बहुत सारे युवाओं को यह समझना थोड़ा मुश्किल होता है कि क्या वे डायबिटीज से पीड़ित हैं? यह जानने का सबसे आसान तरीका डायबिटीज के कुछ लक्षण हैं। डायबिटीज का शुरुआती लक्षण ब्लड प्रेशर का बढ़ना है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ सकती है। अकसर तनाव में रहने के कारण भूख भी कम लगती है और आंखों के नीचे बहुत कम उम्र में ही काले-काले धब्बे दिखने लगते हैं। कुछ लोगों को जहां डायबिटीज में कम या बिल्कुल भूख नहीं लगती, वहीं कुछ दूसरे लोगों को ज्यादा भूख लगने लगती है। बार-बार थकान लगना, प्यास बहुत लगना, अचानक आंखों के सामने अंधेरा छा जाना और आखों की रोशनी का धीरे-धीरे कम होते जाना। डायबिटीज के ये सब लक्षण हैं और इसके कारण आप तेजी से बूढ़े दिखने लगते हैं। इसके अलावा याद्दाश्त कम होने लगती है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से अरुचि हो सकती है। *

## बचाव का तरीका



**युवाओं को** डायबिटीज को लेकर विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। उन्हें इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए और इसके शुरुआती लक्षणों पर नजर भी रखनी चाहिए। इससे बचाव का सबसे आसान तरीका है कि नियमित रूप से एक्सरसाइज की जाए। फास्ट फूड या जंक फूड्स के सेवन से बचा जाए। हर दिन युवा मोबाइल स्क्रीन पर जो 4 से 5 घंटे का वक्त बिताते हैं, उसे घटाकर एक से सवा घंटे तक लाया जाए और हर दिन भरपूर नींद ली जाए। अगर ये उपाय किए जाएं तो युवाओं का डायबिटीज से आसानी से बचाव हो सकता है। लेकिन अगर आप डायबिटीज से ग्रस्त हो ही जाएं तो ट्रीटमेंट शुरू करने में देर नहीं करनी चाहिए। इससे उसे कंट्रोल किया जा सकता है।

सेल्फ ट्रीटमेंट

डॉ. मोहित गुप्ता
कार्डियोलॉजिस्ट
जीबी पंत हॉस्पिटल, दिल्ली

आमतौर पर कोई सामान्य या गंभीर रोग होने पर मेडिकल ट्रीटमेंट की सलाह दी जाती है। यह तो जरूरी है ही लेकिन इसके साथ ही अगर आप सकारात्मक सोच के साथ निरंतर निरोग होने का संकल्प लेते हुए ध्यान भी करें तो चमत्कारी लाभ होता है।

# गंभीर रोगों में भी कारगर संकल्प-सही सोच-ध्यान





हालांकि आज के दौर में कम ही लोग इस बात को मानते हैं लेकिन इसमें संदेह नहीं कि दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य सिद्ध हो सकता है। हमारा मन ही अपने संकल्पों को दृढ़ या कमजोर करता है। कई बार हमें अपने संकल्पों पर विश्वास ही नहीं होता है कि वह पूरा भी होगा। इससे हमारी संकल्प की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। अपने संकल्पों की शक्ति को किसी भी परिस्थिति में कमजोर ना होने दें। यदि हमारे मन की स्थिति सकारात्मक है तो संकल्प जरूर पूरा होता है। बीमारियों के इलाज में भी यह बात लागू होती है।

**ट्रीटमेंट में कारगर है संकल्प शक्तिः** आंतरिक शक्ति यानी संकल्प से किसी भी रोग का इलाज हो सकता है। इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि हमारी सोच ही हमें बीमार और अच्छा बनाती है। जब मरीज हमारे पास आते हैं और हम उनके अंदर हिम्मत और उल्लास भरते हैं तो वह हील करने लगता है। आज साइंस भी मान चुका है कि मज़बूत मनोबल वाले मरीजों का जब इलाज किया जाता है, तब दूसरे मरीजों की अपेक्षा वे जल्दी स्वस्थ होते हैं।

**ध्यान-योग बढ़ाए सकारात्मकताः** सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए योग और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना बेहद प्रभावी है, क्योंकि यह हमारे संकल्पों को पावरफुल बनाता है। जब हमारा दृष्टिकोण पॉजिटिव और पावरफुल होगा, तब हमारा जीवन भी पॉजिटिव और पावरफुल होगा। लोग नकारात्मक दृष्टिकोण, नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों को अपने मन में लंबे समय तक बैठा लेते हैं, जो हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। उसी तरह हमारे पुराने या निरर्थक संकल्प, नेगेटिव संकल्प हमारे अंदर सकारात्मक संकल्पों को आने ही नहीं देते हैं। इसके कारण अच्छी चीजों को देखने की हमारी शक्ति क्षीण हो जाती है। मेडिटेशन का अभ्यास हमें यह सिखाता है कि अपने दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार को बदलें। जब हम अपने संकल्पों को बदलकर सकारात्मक करते हैं तो उससे हमारी दृष्टि, वृत्ति, कृति, संस्कृति और सृष्टि सब बदल जाती है।

**रोज दोहराएं सकारात्मक संकल्पः** किसी रोग की हीलिंग का काम केवल डॉक्टरों का ही नहीं है, बल्कि हीलिंग के लिए बहुत आवश्यक है कि अपने संकल्पों को बहुत पावरफुल बनाएं और उस पावरफुल संकल्पों को बनाने के लिए अपने मनोबल और सोच को भी पावरफुल बनाना बहुत आवश्यक है। रोग के लिए दवाई तो जरूर लें, लेकिन इसके साथ ही मेडिटेशन यानी ध्यान को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इसके अलावा रोज ईश्वर को आभार व्यक्त करने का अभ्यास जरूर करें। रात को सोने से पहले तीन संकल्प अवश्य करें- पहला, मैं अपने आज के कार्य को समाप्त करता हूं। दूसरा, आज का दिन बहुत परफेक्ट और अच्छा रहा। जो कुछ भी मेरे साथ हुआ, उस नेगेटिव और पॉजिटिव भावना को अपने मन में नहीं रखूंगा और हर आत्मा के पति शुक्रिया की भावना रखूंगा। तीसरा, मेरा आने वाला कल सुपर, परफेक्ट और वंडरफुल होगा। उसको मुझे पावरफुल तरीके से क्रिएट करना है।

इन संकल्पों का अभ्यास रोज पूरे दिन में करना है। रोज अपने मन की सफाई करनी है। अपने मन में पॉजिटिव और अच्छे संकल्पों को रखना है। जब भी आप कुछ खाएं तो परमात्मा की याद में खाएं, क्योंकि भोजन भी हमें हील करता है। दवाई भी परमात्मा को याद करके खाना चाहिए। इन सबसे आप शीघ्र स्वस्थ होंगे, निरोग जीवन जिएंगे। *

**प्रस्तुतिःसंध्या रानी**

हर्बल जोन

# कई रोगों में उपयोगी जल ब्राह्मी



जल ब्राह्मी या गोटू कोला एक बारहमासी पौधा है, जो अजमोद परिवार का सदस्य है। इसमें विटामिन बी, विटामिन सी, प्रोटीन और टैनिन जैसे कई महत्वपूर्ण तत्व पाए जाते हैं। हर्बल एक्सपर्ट्स कहते हैं, अगर आप अपने स्किन का ख्याल प्राकृतिक तरीके से रखना चाहते हैं तो गोटू कोला को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**क्या है जल ब्राह्मीः** इसकी पत्तियां छोटे-मोटे पंख के आकार की होती हैं और इनमें सफेद या हल्के बैंगनी रंग के फूल आते हैं। इसका वैज्ञानिक नाम 'सेंटेला एशियाटिका' है। इसमें बहुत छोटे-छोटे अंडाकार फल निकलते हैं, जिनका कई औषधियों में इस्तेमाल होता है। लेकिन सबसे ज्यादा यह त्वचा को निखारने के लिए जानी जाती है। घावों को ठीक करने, मानसिक मंदता को दूर करने, कुष्ठ रोग और सोरायसिस के इलाज के लिए भी इसे यूज किया जाता है।

**त्वचा का रखवालाः** गोटू कोला नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह त्वचा को प्रदूषकों से होने वाले नुकसान से बचाता है। यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को बरकरार रखता है और अत्यधिक गर्मी या सर्दी से त्वचा में आने वाली सूजन, लालिमा, रैशेज आदि को दूर करने में मदद करता है। यह त्वचा में कोलेजन को बरकरार रखता है, जिस कारण त्वचा कसी और चिकनी बनी रहती है। नियमित रूप से गोटू कोला का इस्तेमाल करने से त्वचा में झुर्रियों जैसे लक्षण बहुत कम दिखते हैं। इसके इस्तेमाल से जहां त्वचा साफ होती है, वहीं त्वचा में मौजूद नुकसानदायक टॉक्सिन भी बाहर निकल जाते हैं। गोटू कोला के एस्ट्रेंजमेंट स्वभाव के कारण ये चेहरे की त्वचा में मौजूद गैरजरूरी तेल को बाहर निकाल देता है और पोर्स को अच्छी तरह से साफ कर देता है, जिससे चेहरा बेहद निखरा-निखरा नजर आता है।

**कई रोगों में कारगरः** गोटू कोला में एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा विभिन्न तरह के संक्रमणों से बची रहती है। अगर त्वचा में कहीं कोई घाव हो गया है तो गोटू कोला के नियमित इस्तेमाल से घाव बहुत जल्दी भर जाता है। यह तनाव भी कम करता हैं। जो लोग समय से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं, उन्हें गोटू कोला का इस्तेमाल किसी हर्बल एक्सपर्ट की देख-रेख में करना चाहिए। यह शरीर में कफ को कम करता है, वात को शांत करता है और पित्त के लिए टॉनिक है। यह आर्थराइटिस में भी कारगर है और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के चलते इसका हमारे इम्यून सिस्टम पर भी सकारात्मक असर रहता है।

बहुगुणकारी होने के बावजूद गोटू कोला का इस्तेमाल हमेशा एक्सपर्ट की देख-रेख में ही करना चाहिए। * **-एफएमएन**

डाइट सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

देश-दुनिया के अनेक लोगों में ओवर वेट या ओबेसिटी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। हालांकि इसे कंट्रोल करने में फिजिकल एक्टिविटी सबसे कारगर है लेकिन डाइट में बदलाव करके भी बढ़ते वेट को कंट्रोल कर सकते हैं।

# खान-पान में बदलाव से कर सकते हैं वेट कंट्रोल



कई-कई घंटे सिटिंग वर्क करना, काम की अधिकता और समय की कमी के कारण दिन भर अस्त-व्यस्त रहना, अनियमित दिनचर्या, ये कुछ ऐसी हैबिट्स हैं, जिनके चलते हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसका परिणाम सबसे पहले हमारी बढ़ी हुई तोंद यानी बैली फैट के रूप में सामने आता है। यह अकारण नहीं है कि आज देश-दुनिया में हर पांचवां नौजवान औसत से ज्यादा मोटा और हर आठवें नौजवान की तोंद बाहर निकली हुई है। हालांकि मिड और ओल्ड एज में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। ओवर वेटेड या एक्सट्रा बैली फैट वाली फिगर हमारी पर्सनालिटी को तो बिगाड़ती ही है, यह हमारे लिए कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म देता है।

**लापरवाही है मुख्य वजहः** बॉडी वेट बढ़ना इस बात का परिचायक है कि आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर लापरवाही बरतते हैं। अपनी लाइफस्टाइल पर ध्यान नहीं देते हैं और जरूरी फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर वर्कआउट करने के साथ ही अपनी डाइट में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**पुदीना-सौंफ-मूलीः** अगर आपका बैली फैट बढ़ा हुआ है, तो आपके लिए पुदीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से इसकी चटनी और पुदीने से बनी चाय पीजिए। जल्द ही एक्स्ट्रा फैट से निजात मिलेगी। आपके लिए सौंफ भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके लिए आधा चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और फिर करीब 10 मिनट तक के लिए इसे ढंककर रख दें। इसके बाद इस पानी का सेवन करें। लगातार तीन महीने तक ऐसा करने से आपके बढ़े हुए वजन में कमी दिखने लगेगी। मूली को सलाद के रूप में खाने के अलावा इसके रस का सेवन करना भी वेट लूज करने में हेल्पफुल हो सकता है। दो बड़े चम्मच मूली के रस में शहद की बराबर मात्रा मिलाकर, इसे पानी के साथ पी लें। एक महीना ऐसा करने से आपके वजन में निश्चित रूप से फर्क दिखेगा।



**ये भी हैं फायदेमंदः** टमाटर और प्याज भी फैट कम करने में काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसके लिए खाने के साथ टमाटर और प्याज के सलाद पर काली मिर्च पावडर और नमक डालकर खाइए। इससे बढ़ता वजन कम होने लगेगा। करेले की सब्जी खाने से भी वजन में फर्क पड़ता है। इसके लिए कम तेल में कटे हुए करेले की सब्जी खाएं लेकिन तले हुए करेले की सब्जी ना खाएं। ग्रीन-टी भी मोटापा कम करने में सहायक है। ग्रीन-टी का सेवन तभी फायदेमंद है जब इसमें चीनी और दूध ना मिलाया जाए। लौकी का जूस वजन घटाने का एक अच्छा माध्यम है। इससे आपका पेट भी भरा रहता है और इसमें मौजूद फाइबर्स शरीर को स्वस्थ रखते हैं। जाहिर है, मोटापा तो कंट्रोल में रहता ही है। अपने वेट को लूज करने में गाजर की भी काफी उपयोगिता है। इसके लिए खाना खाने से कुछ देर पहले गाजर खाएं। गाजर का जूस भी वजन कम करने में सहायक होता है। पपीता भी फायदेमंद है। लंबे समय तक पपीते का सेवन फैट को कम करता है। मोटापा कम करने के लिए छाछ का सेवन भी काफी उपयोगी है। लेकिन लस्सी की तरह इसे ना पीएं। कहने का सार यही है कि शारीरिक मेहनत करने के साथ खान-पान में यहां बताए गए बदलाव के जरिए भी आप अपना बैली फैट कम कर सकते हैं, मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। लेकिन वेट लूज करने के लिए यहां बताई गई किसी भी डाइट को फॉलो करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *



## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर लगाएंगे 10 पौधे

**खरखौदा।** भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा बुधवार को खरखौदा पहुंचे और अंबेडकर पार्क में पौधारोपण किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पौधारोपण अभियान शुरू किया है। जिसके चलते यह निर्णय लिया गया है कि भाजपा कार्यकताअरं द्वारा प्रत्येक बूथ पर 10 पौधे लगाए जाएंगे। कहने की जरूरत नहीं कि इससे न केवल पर्यावरण बेहतर बनाया जा सकेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सकेगा।

### अधकचरे विकास का दंश झेल रही राज धर्म कांटे वाली गली

**गोहाना।** शहर में सोनीपत रोड पर स्थित राज धर्म कांटे वाली गली अधकचरे विकास का दंश झेलने के लिए मजबूर है। सालों पहले इस गली में सीवर लाइन बिछा दी गई, लेकिन उसे मेन सीवर लाइन से कनेक्ट नहीं किया गया। बुधवार को गली के निवासियों ने इस के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा अपनी शिकायत सोनीपत के डीसी को भेजी। राज धर्म कांटे वाली गली में अनेक घर बने हुए हैं। यह गली कृष्णा कॉलोनी में स्थित है।

### आईटीआई में आवेदन प्रक्रिया संपन्न

**सोनीपत।** आईटीआई (कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) में दाखिलों के लिए जारी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बुधवार को संपन्न हो गई। दाखिलों का दौर शुरू हो होगा। आवेदन प्रक्रिया के तहत हजारों की संख्या में आवेदन आए हैं, केवल सोनीपत आईटीआई का उदाहरण दें तो सोनीपत आईटीआई में 35 ट्रेड्स की 988 सीटें हैं। इनके लिये 4 हजार से अधिक आवेदन पहुंच चुके हैं।

### अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया

**खरखौदा।** मॉडर्न एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया गया। सुनीता दहिया ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आज पूरा विश्व नशा निरोधक दिवस मना रहा है। अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर हम स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को नशे से होने वाली हानियों के बारे में जागरूक करें। नशा करना ऐसी बुरी लत है जो पूरे परिवार को तबाह कर देती है। इसलिए नशाखोरी से दूर रहें।

### 4 आढ़तियों से मांगें 14 लाख, आढ़तियों ने भेजे कानूनी नोटिस

# गेहूं उठान में देरी का खामियाजा आढ़तियों से वसूलने की तैयारी

### सीएम विंडों पर भी दर्ज करवा दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



फाइल फोटो

मंडियों में फसलों की खरीद के बाद उठान में देरी का बोझ अब आढ़तियों पर डालना शुरू कर दिया गया है। जिसके विरोध में आढ़ती लामबंद होने लगे हैं। मामला कुछ समय पहले ही खत्म हुए गेहूं सीजन से जुड़ा हुआ है। जिसको लेकर आढ़तियों दो खरीद एजेंसियों को कानूनी नोटिस भेजे हैं। इसके साथ ही सीएम विंडों पर भी शिकायत दर्ज करवाई है। दूसरी ओर खरीद एजेंसियों का कहना है कि खरीद एजेंसियों की कार्रवाई बिल्कुल ठीक है। क्योंकि गेहूं खरीद के बाद उठान के समय लेबर की समस्या बनी हुई थी। लेबर ना होने के कारण उठान में देरी हुई, ऐसे में खामियाजा आढ़ती ही भुगतेंगे सीएम विंडों पर शिकायत देने वाले सोनीपत की नई अनाज मंडी के आढ़ती सोनू, बिजेंद्र, अंकुश व राजेश आदि ने बताया कि रबी सीजन के दौरान गेहूं खरीद व उसके उठान प्रक्रिया साथ-साथ चली। आढ़तियों की जिम्मेदारी गेहूं खरीद के बाद कट्टे प्लेटफार्म पर रखने भर की होती है, जबकि इसके आगे का काम खरीद एजेंसियों को करवाना होता है। नियम के अनुसार खरीद एजेंसियों को 48 घंटे के भीतर उठान करना होता है, लेकिन एजेंसियों ने 10-15 दिनों तक भी उठान नहीं किया। अब सरकारी खरीद एजेंसियां अपनी नाकामी छुपाने के लिए आढ़तियों पर बेवजह बोझ डाल रही हैं। आढ़तियों को गेहूं घटौती के नाम पर नोटिस भेजे जा रहे हैं। एजेंसियों ने यह घटौती आढ़तियों से वसूलने का निर्णय लिया है। आढ़तियों ने बताया कि 4 आढ़तियों से 460.65 क्विंटल गेहूं की घटौती बताकर करीब 14 लाख रुपए मांगे जा रहे हैं। इसी तरह कई अन्य मंडियों के आढ़तियों के साथ भी यही किया जा रहा है। ऐसे में आढ़ती लामबंद हो रहे हैं और उन्होंने एजेंसियों पर कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में सोनीपत अनाज मंडी के 4 आढ़तियों ने अब तक एजेंसियों को कानूनी नोटिस भेज दिए हैं। आढ़तियों का कहना है कि वे नियमों के अनुसार हर्जाना भरने को तैयार हैं, लेकिन उल-जलूल हर्जाना वे नहीं भरेंगे। इस मामले में सी.एम. विंडो पर शिकायत भेजने वाले सोनू व बिजेंद्र ने कहा कि यदि सरकार उनकी सुनवाई नहीं करेगी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

#### आढ़तियों की गलती

उठान में देरी एजेंसियों की गलती की वजह से नहीं हुई है बल्कि आढ़तियों की गलती की वजह से हुई है। आढ़तियों पास लेबर नहीं थी। इसीलिए उठान नहीं हो पाया। ऐसे में अब घटौती का हजार्ना आढ़तियों को ही भुगतना होगा। आढ़तियों से नियमानुसार ही गेहूं घटौती वसूली जा रही है। *उमाकांत, डी.एम., हैफेड, सोनीपत।*

# बिजली समस्या का हल करने पर विधायक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार को सम्मानित करते स्थानीय निवासी।

पार्श्वनाथ सिटी के बी-ब्लॉक में स्थानीय लोगों ने बुधवार को विधायक सुरेंद्र पंवार को सम्मानित किया। पार्श्वनाथ में बिजली निगम द्वारा बिजली नहीं मिल रही थी। जिसके बाद विधायक सुरेंद्र पंवार ने इसमें हस्तक्षेप किया और बिजली पहुंचाई गई। जिसके बाद बुधवार को विधायक का स्थानीय निवासियों ने सम्मान किया।

इस मौके पर बी-ब्लॉक के अध्यक्ष सुरेन्द्र सरोहा, उपाध्यक्ष राकेश जैन और अन्य निवासियों ने बताया गया कि पिछले साढ़े 3 वर्षों से यहां पर बिजली का कनेक्शन नहीं था। सोसायटी में बिजली पूरी तरह से जनरेटर की आपूर्ति या सौर प्रणाली पर निर्भर थी। बी ब्लॉक में विद्युतीकरण का कार्य शुरू हो चुका है तथा चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। कई घरों में बिजली के मीटर लगा दिए गए हैं तथा बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है।



खरखौदा। जगदीश भावड़ का स्वागत करते जांगिड़ समाज के लोग।

### जगदीश बने जांगिड़ ब्राह्मण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष

**खरखौदा।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष श्याम लाल जांगड़ा व विश्वकर्मा मन्दिर सोनीपत के अध्यक्ष राजसिंह जांगड़ा की अध्यक्षता में खरखौदा में सभा हुई। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष रणबीर जांगड़ा रामपुर कुंडल को सेवा मुक्त किया गया और जगदीश भावड़ को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया और विश्वकर्मा मन्दिर की अध्यक्षता सौंपी गई। जगदीश भावड़ ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। इस मौके पर डॉक्टर आनंद, करतार, मुकेश सावनिया, देवेंद्र जांगड़ा, मुकेश, मोहन लाल, सुरेश, नंदराम, बिजेंद्र जांगड़ा,सत प्रकाश, राजेश आदि उपस्थित रहे।

### झाड़ू लगा रही महिला को गोवंश ने मारी टक्कर

**गन्नौर।** शहर के प्रजापत चौक पर अपने घर के बाद झाड़ू लगा रही महिला को आवारा गोवंश ने टक्कर मार दी। महिला के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बावजूद इसके प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। प्रजापति चौक के पास रहने वाली पूजा बुधवार की सुबह अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान आवारा गोवंश आपस में भिड़ गए। जिसके बाद एक गोवंश ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पूजा हवा में उछल कर सीधे नीचे गिरी। इसके बाद गोवंश ने महिला को एक और टक्कर मारी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद पूजा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस हादसे में पूजा के सिर फट गया और उसे पांच टांके आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में आवारा पशुओं का आतंक है। कुछ महीने पहले भी वार्ड 9 गन्नौर-बड़ी रोड स्थित कालोनी व बादशाही रोड स्थित राम मंदिर के सामने रहने वाली महिला को भी आवारा गोवंश ने टक्कर मार कर घायल कर दिया था।



गोहाना। छत्रपति साहूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते नागरिक।

### सामाजिक न्याय के पुरोजा थे छत्रपति साहूजी : पौड़िया

**गोहाना।** आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे की जिला कार्यकारिणी के सदस्य सतबीर पौड़िया ने बुधवार को कहा कि बेशक छत्रपति शाहूजी राजा थे, पर वह दलितों और शोषितों के दर्द को बखूबी समझते थे। पौडिया गढ़ी सराय नामदार खां गांव की अंबेडकर चौपाल में छत्रपति शाहूजी की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन भेंट कर रहे थे। कार्यक्रम हरियाणा अंबेडकर संघर्ष समिति के तत्वावधान में हुआ। अध्यक्षता समिति के प्रदेश महासचिव रोहतास अहलावत ने की। मंच संचालन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य वक्ता सतबीर पौड़िया ने कहा कि छत्रपति शाहूजी सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। रोहतास अहलावत ने कहा कि छत्रपति शाहूजी 1894 से 1922 तक कोल्हापुर रियासत के राजा रहे। उनका नाम इतिहास में सबसे पहले वंचितों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए दर्ज है। कार्यक्रम में गांव के पूर्व सरपंच राम कुमार के साथ रघुबीर अहलावत, दयानंद नरवाल, जय नारायण नरवाल, कृष्ण दुग्गल, विकास सैनी, राज बाला देवी, लोकेश दुग्गल, हरीश अहलावत आदि भी मौजूद रहे।

# पेट के बल लाएंगे गंगाजल, गाय के लिए राष्ट्रमाता का दर्जा मांगा

- गोरक्षकों को किया रवाना, हर की पौड़ी से लाएंगे गंगाजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



गोरक्षकों का एक दल हरिद्वार कावड़ लाने के लिये रवाना किया है। गोरक्षकों का दल पेट के बल पर हरिद्वार से कावड़ लाएगा। उनकी मांग है कि गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। गोरक्षकों के इस दल को मनीष राई ने बीती रात फूलमाला के साथ रवाना किया। मनीष राई ने बताया कि ये संकल्प मात्र 4 गोसेवको द्वारा सम्पन्न किया जाएगा और हरिद्वार से सोनीपत तक पेट के बल लेटकर गंगाजल लाया जायेगा। ये संकल्प गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिये लिया गया है। मनीष राई ने बताया कि संपूर्ण भारत मे गाय को मां की संज्ञा दी गई है। सोनीपत में महायज्ञ करके गोमाता को राष्ट्रमाता स्वीकार भी किया था और अब गोसेवक साधू संतो के माध्यम से पूरे राष्ट्र मे कानूनी रूप से गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने का संकल्प ले चुके हैं और ये संकल्प गोमाता के आशीर्वाद से पूर्ण होगा।



सोनीपत। उपमंडल अभियंता को सम्मानित करते स्थानीय निवासी।

### वैस्ट राम नगर के लोगों ने किया एसडीई को सम्मानित

**सोनीपत।** वैस्ट राम नगर के लोगों ने बिजली समस्या का निदान करने पर इंडस्ट्रीयल एरिया के उपमंडल अभियंता का आभार प्रकट करते हुए सम्मानित किया है। क्षेत्र में बिजली की समस्या के चलते कई दिनों से लोग परेशान थे। जिसके बाद लोगों ने प्रदर्शन किया था। इसके उपरांत बिजली निगम ने इस समस्या का समाधान करते हुए वेस्ट रामनगर की बिजली सप्लाई को कालूपुर फीडर से हटाकर दहिया कॉलोनी फीडर के माध्यम से सेक्टर 23 के 33 केवीए सब स्टेशन से जोड़ दी गई। जिसके बाद से क्षेत्र में बिजली का संकट खत्म हो गया है। इस त्वरित समाधान से सभी मोहल्ले वासियों ने खुश होकर उपमंडल अभियंता विक्की गहलावत एवं टीम का आभार प्रकट किया। इस दौरान रमेश जांगड़ा, अमित कुमार, राहुल वर्मा मौजूद रहे।

# लोगों ने एसडीएम को शिकायत देकर स्वच्छ पेयजल सप्लाई की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भले ही प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर तक लगा दिए हो लेकिन जनस्वास्थय विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण अधिकारी लोगों की पेयजल समस्या को भी गंभीरता से नही लेते। ऐसे में पेयजल से परेशान लोगों ने एसडीएम निर्मल नागर को शिकायत देकर स्वच्छ पेयजल सप्ताई की मांग की है। शिकायतकर्ता सचिन, बिजेन्द्र , कृष्ण, राजेश व अन्य ने बताया कि वे समस्या के समाधान के लिए गन्नौर जनस्वास्थय विभाग के कार्यालय में जाकर शिकायत करने के साथ विभाग की आनलाईन शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नही किया। इसके बाद एसडीएम को शिकायत दी है। शिकायत में शिकायतकर्ता सचिन व अन्य ने बताया कि पाईप लाईन लीकेज होने के चलते पटेल नगर के 33 फुटा रोड गली नम्बर 5 में झाग नुमा व गंदा पानी आ रहा है। वे जनस्वास्थय विभाग के कार्यालय में जाकर अधिकारियों को गंदा पानी दिखाने के साथ दुषित पेयजल के सैम्पल की रिपोर्ट की भी मांग कर चुके है लेकिन न तो दुषित पेयजल सप्लाई का समाधान हुआ और न ही अब तक पानी के सैम्पल चैक करवाएं गए। शिकायत में बताया कि खुद शहर के जेई बसंत ने स्वीकार किया था कि गन्नौर पुलिस स्टेशन परिसर में बने बुस्टर से हो रही पेयजल सप्लाई में दिक्कत है। गली के लोगों की मांग पर दुषित पानी की गली में आकर सप्लाई को देखकर जा चुके है।

#### समस्या का समाधान जल्द करवाया जाएगा : एसडीएम

इस बारे में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि पटेल नगर के लोगों की पेयजल संबधित समस्या के समाधान को लेकर शिकायत मिली है। पेयजल समस्या समाधान को लेकर अधिकारियों से बात करेंगे और समाधान करवाएंगे।



गन्नौर। प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में कार्यरत रजिस्ट्रार डा. मनोज को स्मृति चिह्न भेंट करते स्कूल निदेशक, प्राचार्य व उपप्राचार्या।

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में रजिस्ट्रार को दी विदाई

गन्नौर। जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को रजिस्ट्रार डा. मनोज की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रजिस्ट्रार डा. मनोज ने स्कूल में 23 मार्च 2020 से अब तक स्कूल के उत्थान के लिए कई कार्य किए। अब उन्होंने जीटी रोड स्थित जैन गर्ल्ज कालेज में प्राचार्य का पद संभाल लिया है। इस दौरान स्कूल निदेशक डा. संजय जैन व अमित बत्रा ने स्कूल के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की एवं उनका उत्साह वर्धन किया। निदेशिका डा. सुनीरा जैन, रुचिका बत्रा, प्राचार्य सुरेंद्र छाबड़ा व उप प्राचार्या दीपमाला व्यास ने उन्हें उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। विदाई समारोह के अवसर पर कुछ अध्यापकों ने विदाई गीत तथा सुंदर कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की। डा. मनोज ने भी स्कूल के प्रति आभार प्रकट किया।

# बीपीएल परिवार का घर ढहने के कगार पर

- विधायक इन्दुराज नरवाल के गांव रिंढाणा में बीपीएल परिवार का दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा हलका के विधायक इन्दुराज नरवाल के गांव रिंढाणा में एक बीपीएल परिवार का मकान पिछले करीब 10-11 साल से जर्जर हालत में है। मकान की हालत इस कदर जर्जर है कि वह बारिश के मौसम में कभी ढ़ह सकता है। बारिश में मकान की छत टपकती रहती है और दीवारें जर्जर हो चुकी हैं। परिवार का दर्द है कि मकान निर्माण के लिए उनको सरकार से कोई आर्थिक मदद नहीं मिल रही है। गांव रिंढाणा में भगत ठोला निवासी धर्मबीर पुत्र प्रेम सिंह के परिवार की आर्थिक हालत नाजुक है। यह बीपीएल परिवार है। परिवार में धर्मबीर सहित उनकी पत्नी और इनके पांच बच्चे हैं। परिवार के लोग दिहाड़ी मजदूरी करके अपना पेट पाल रहे हैं। धर्मबीर का कहना है कि उनका मकान पिछले 10-11 साल से जर्जर हालत में है।

मकान बारिश के दौरान कभी भी ढह सकता है। बारिश में मकान की छत टपकती रहती है और दीवारें भी जर्जर हो चुकी हैं। मकान ढह न जाए इस भय से बारिश के दौरान परिवार को नींद भी नहीं आती और पूरी रात बैठकर गुजारनी पड़ती है।

#### कई साल पहले पैसे मंजूर हो गए थे

मकान मालकिन नीलम ने बताया कि मकान निर्माण के लिए सरकार की ओर से तीन-चार साल पहले पैसे मंजूर हो गए थे। लेकिन परिवार को अब तक एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है। सरकार से आर्थिक मदद प्राप्त करने के लिए परिवार द्वारा अधिकारियों से लेकर हलका विधायक तक गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

#### सरकार से नहीं मिली मदद

धर्मबीर की पत्नी नीलम के अनुसार दिहाड़ी-मजदूरी के काम से परिवार का गुजारा मुश्किल से चल पाता है तो फिर मकान का निर्माण करना तो मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसा है। मकान निर्माण के लिए उनको सरकार की ओर से अब तक कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है।

### पहला मैच हरियाणा व दिल्ली के बीच, देशभर से 100 दिव्यांग खिलाड़ी प्रतिभा दिखाएंगे

# सोनीपत में दिव्यांग प्रीमियर लीग का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



पत्रकार वार्ता के दौरान विभिन्न टीमों की टी शर्ट दिखाते आयोजक।

सोनीपत में दिव्यांग प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किए जाने वाले टूर्नामेंट में देशभर से 100 दिव्यांग खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगें। प्रतियोगिता का आयोजन मामचंद क्रिकेट मैदान में किया जाएगा। वहीं प्रतियोगिता का आयोजन ऑल इंडिया क्रिकेट एसोसिएशन फॉर फिजिकली चैलेंज्ड के सहयोग से डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट एसो ऑफ हरियाणा के तत्वावधान में होगा। प्रतियोगिता 27 से 30 जून तक चलेगी। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पत्रकारों से बात करते हुए एआईसीपीसी के उत्तर क्षेत्र के सचिव दिनेश कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता में सभी मुकाबले दिन-रात को खेले जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1.25 लाख रुपये व उपविजेता टीम को 1 लाख रुपये की इनामी राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य तीन टीमों को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। असली जुनून इस सीजन की टैग लाइन है। दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन फॉर फिजिकली चैलेंज्ड व उत्तर क्षेत्र के प्रधान पदम सिंह चौहान ने कहा कि प्रतियोगिता में 20 ओवर के मुकाबले खेले जाएंगे, जोकि लीग कम नॉक आउट मुकाबले होंगे। सरकार से अपील करते कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को भी आम खिलाड़ियों की भांति सरकारी नौकरियों में भागीदारी करें। जिससे दिव्यांग खिलाड़ियों का देश के लिए खेलने को मनोबल बना रहे। सरकार को दिव्यांग क्रिकेट को भी रेगुलर क्रिकेट की तरह सुविधाएं देनी चाहिए। बताया कि लीग में 100 खिलाड़ियों में से बेहतर प्रदर्शन करने वाले 20 का चयन आगामी अंतर्राष्ट्रीय सीरीज के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता में हरियाणा हरिकेंस, बेंगलुरू वॉरियर्स, मुंबई चैम्पस, दिल्ली डायनामोज व कोलकता टाइगर्स पांच टीमें भाग लेंगी। हरियाणा टीम के कप्तान अनीश पी. राजन, दिल्ली टीम के कप्तान यश सिंह नेगी, मुंबई के कप्तान शुभनेंस, कोलकाता के कप्तान दीपांकर व बेंगलुरु के कप्तान जितेंद्र होंगे।

#### घुमर की तरह स्पिन में फंसाते हैं अनीश

हाल ही में रिलीज हुई घुमर फिल्म की तरह ही अनीश पी. राजन भी स्पिन गेंदबाजी करते हैं। मूल रूप से केरल के रहने वाले अनीश पी. राजन का जन्म बिना दाहिने हाथ के हुआ था। जिसे वह अपनी कमजोरी न मानकर क्रिकेट में आगे बढ़े। अनीश बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज है। दसवीं कक्षा में जब उनका चयन सामान्य क्रिकेट शिविर में हुआ व आयोजकों ने उन्हें शिविर में लेने से मना कर दिया। उन्होंने हिम्मत ना हारते हुए अपने खेल को ज्यादा बेहतर किया। इंग्लैंड में साल 2019 में हुए पहले फिजिकली चैलेंज्ड विश्व कप प्रतियोगिता में बेस्ट गेंदबाज बनकर उभरे। उन्होंने विश्व कप के पांच मुकाबलों में देश को 11 विकेट दिलवाए। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें द मनोरमा स्पोर्ट्स स्टार 2019 का खिताब दिया गया।

### छह और प्रभु भेजे आश्रम, कुल संख्या पहुंची 197 तक

**सोनीपत।** समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह दवारा चलाइ जा रही मुहीम में बेसहारा, मंदबुद्धि (प्रभु) को आश्रम पहुंचानें का काम जारी है। इसी के तहत हाल ही में कुल छह प्रभुओं को आश्रम भेजा गया। जिसके बाद आश्रम भेजे गए प्रभुओं की कुल संख्या 197 हो गई है। इन 6 प्रभुओं में से सबसे पहला नागरिक अस्पताल के सामने बीकानेर स्वीट के पास मिला था। इसके बाद पार्क में दयनीय हालत में तड़पता हुआ एक प्रभु मिला। वहीं एक प्रभु गांव बड़वासनी से तो एक प्रभु बहालगढ़ के पास मिला। इसी तरह से एक महिला प्रभु रेलवे स्टेशन से मिली, जिसने खुद को जुआं गांव की लड़की बताया। आखिर में एक प्रभु बहालगढ़ रोड पर मिला, जोकि कई दिनों से चौराहे पर था। इन सभी प्रभुओं की पुलिस चौकियों से कागजी कार्रवाई करवाकर अपना घर आश्रम भेजा गया। इस अवसर पर समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रधान आनंद कुमार ने बताया कि इन प्रभुओं को ढूंढने में पुलिस भी काफी मदद कर रही है।

**GAUR BRAHMAN AYURVEDIC COLLEGE AND HOSPITAL**
VPO-BRAHMANWAS, DIST.- ROHTAK (HARYANA)-124001
e-mail ID:- gbayurvediccollege@gmail.com, Website:- www.gbayurvediccollege.com

**TENDER NOTICE**

Tender are hereby invited in respect of the Girls & Boys Hostel Mess & College Canteen services for a period of one year. The sealed tender application should be send by registered post in the office of Administrator, Gaur Brahman Vidya Parcharini Sabha, Gau-Karan Road, Rohtak before 5th July 2024. Tender will be open on 8th July 2024 at 11:00 am in the office of Administrator, Gaur Brahman Vidya Parcharini Sabha, Gau-Karan Road, Rohtak. Collect the tender application form, terms & condition & Menu may be downloaded from the College website.

Tender fee of Rs.1000/- also attached with tender application in the shape of DD in favour of Principal, Gaur Brahman Ayurvedic College & Hospital, Brahmanwas, Rohtak.

ADMINISTRATOR

खबर संक्षेप

## ऑटो सवार व्यक्ति की जेब से 51 हजार चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ऑटो सवार व्यक्ति की जेब जेब से हजारों रुपये की नकदी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर दो युवतियों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवतियों की पहचान के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-15 निवासी हवा सिंह ने बताया कि वह अपने किसी काम से कोर्ट में गया था। कोर्ट सो वापिस मामा-भांजा चौक पर आ गया। वह से दुसरे ऑटो में बैठ गया। वह ऑटो से बहालगढ़ जा रहा था। उसी ऑटो में दो युवतियां बैठ गई। दोनों सिविल अस्पताल के सामने उतर गई। उसने सिविल अस्पताल का चौक पर करने पर अपनी जेब को चेक किया तो उसकी जेब से 51 हजार रुपये की राशि गायब मिली।

## शराब ठेके के सेल्समैन से हजारों रुपये की लूट

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में तीन बदमाश शराब ठेके के सेल्समैन पर पिस्तौल के बट से हमला कर 12 हजार रुपये लूटकर भाग गए। मुरथल थाना पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव तीर्थपुरा इटावा उत्तर प्रदेश निवासी रूकुम सिंह ने बताया कि गांव रसूलपुर में मुरथल निवासी सतबीर के शराब ठेके पर सेल्समैन है। वह मंगलवार की रात शराब ठेके पर मौजूद थे। रात करीब नौ बजे वह लघुशंका के लिए बाहर निकले थे। लघुशंका कर वापस अंदर जाने लगे तो पीछे से दो युवक ठेके के अंदर घुस गए। जबकि एक युवक बाहर बाइक लेकर खड़ा रहा। अंदर घुसे एक युवक ने मुंह पर कपड़ा लपेट रखा था और उसके हाथ में पिस्तौल था। उसने पिस्तौल उनकी छाती पर अड़ा दिया। वह चिल्लाने लगे तो युवक ने उनके चेहरे पर आंख के पास पिस्तौल का बट मार कर घायल कर दिया। इसके बाद वह गल्ले में रखे करीब 12 हजार रुपये लेकर भाग गए। उन्होंने मामले से ठेकेदार व पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### गोहाना : लोस चुनाव के बाद विस चुनाव के लिए चुनावी पार्टियां एक्टिव मोड में

# लगातार पांच बार से जीत रही कांग्रेस क्या इस बार गलेगी भाजपा की दाल

आनंद जाटायन ▶▶| गोहाना

लोकसभा चुनाव के बाद अब विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दल एक्टिव मोड में आ चुके हैं। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोगों के मन को टटोलना शुरू कर दिया है। विधानसभा के 2008 में हुए उप चुनाव के बाद से इस क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी जगबीर मलिक चुनाव जीतते आए हैं। अगर बात विधानसभा चुनाव 2019 की करें तो चुनाव में भाजपा तीसरे स्थान पर रही थी। अब देखना यह है कि क्या इस बार जनता का मूड बदलेगा और चुनाव में भाजपा की दाल गलेगी या नहीं। वर्ष 2008 में गोहाना विधानसभा का उप चुनाव हुआ था जिसमें कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के रूप में जगबीर सिंह मलिक ने चुनाव जीता था। उसके बाद 2009, 2014 और 2019 में हुए विस चुनाव में भी गोहाना हलका से कांग्रेस प्रत्याशी जगबीर सिंह मलिक ही चुनाव जीतते आए हैं। वहीं पिछली बार यानि की 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में लोसुपा प्रत्याशी राजकुमार सैनी दूसरे और भाजपा प्रत्याशी तीर्थ राणा राणा तीसरे स्थान पर रहे थे। अब विधानसभा चुनाव 2024 होने हैं। गोहाना विधानसभा में पिछले लंबे समय से कांग्रेस पार्टी का ही वर्चस्व रहा है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी अपने इस वर्चस्व को कायम रखने करेगी और कांग्रेस के इस गढ़ को तोडकर जीत हासिल करने के लिए भाजपा पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी। चुनाव को लेकर भाजपा, कांग्रेस, जजपा व इनेलो सहित अन्य राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### भाजपा में 7 उम्मीदवार, कांग्रेस में एक ही नाम

भाजपा से राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व प्रत्याशी रहे तीर्थ राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम कौशिक, जिला उपाध्यक्ष अरुण बड़ौक और जिला उपाध्यक्ष राजू विरमानी से 7 उम्मीदवार मुख्य रूप से मैदान में हैं। कांग्रेस पार्टी से विधायक जगबीर सिंह मलिक का ही नाम चर्चा में है।

### लोकसभा चुनाव में 1592 वोटों से जीती कांग्रेस

लोकसभा चुनाव 2024 में गोहाना हलका से कांग्रेस ने मात्र 1592 वोटों की लीड हासिल की थी। कांग्रेस पार्टी का जीत का यह अंतर ज्यादा नहीं है। चुनाव में गोहाना हलके से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी को 59054 तो भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली को 57662 वोट मिले थे। इस चुनाव परिणाम को देखते हुए फिलहाल दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों की जीत को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं।

### गोहाना विधानसभा का इतिहास

| वर्ष | विजेता | निकटतम प्रतिद्वंदी |
|---|---|---|
| 1967 | रामधारी गौड़ (कांग्रेस) | हरिकिशन (आजाद) |
| 1968 | रामधारी गौड़ (कांग्रेस) | हरिकिशन (आजाद) |
| 1972 | रामधारी गौड़ (कांग्रेस) | हरिकिशन (आजाद) |
| 1977 | गंगाराम (आजाद) | रामधारी गौड़ (जनता पार्टी) |
| 1982 | किताब सिंह (लोकदल) | रामधारी गौड़ (कांग्रेस) |
| 1987 | किशन सिंह (लोकदल) | रतिराम (कांग्रेस) |
| 1991 | किताब सिंह (आजाद) | रामधारी गौड़ (कांग्रेस) |
| 1996 | जगबीर मलिक (हविपा) | किशन सिंह सांगवान (समता) |
| 2000 | रामकुमार सैनी (इनेलो) | जगबीर मलिक (हविपा) |
| 2005 | धर्मपाल मलिक (कांग्रेस) | प्रेम सिंह (इनेलो) |
| 2008 (उपचुनाव) | जगबीर मलिक (कांग्रेस) | डॉ. कृष्ण चंद्र |
| 2009 | जगबीर मलिक (कांग्रेस) | अतुल मलिक (इनेलो) |
| 2014 | जगबीर मलिक (कांग्रेस) | डॉ. कृष्ण चंद्र (इनेलो) |
| 2019 | जगबीर मलिक (कांग्रेस) | तीर्थ राणा (भाजपा) |

### विस चुनाव में 4152 वोटों से जीती थी कांग्रेस

विधानसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस पार्टी ने 4152 वोटों से जीत हासिल की थी। चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी जगबीर सिंह मलिक ने 39531, लोसुपा से राजकुमार सैनी ने 35379 और भाजपा प्रत्याशी तीर्थ सिंह राणा ने 26972 वोट हासिल किए थे। चुनाव में जजपा प्रत्याशी कुलदीप मलिक 11,185 वोटों के साथ चौथे नंबर पर रहे थे। आईएनडी प्रत्याशी भूपेंद्र वकील ने 1585, बसपा प्रत्याशी धर्मवीर ने 1470 और इनेलो प्रत्याशी ओमप्रकाश गोयल ने मात्र 779 वोट हासिल किए थे।




### मंथन के दौर में नेत्री, हो गई गायब

जिले की महिला जनप्रतिनिधि इन दिनों गायब हो गई हैं। लोकसभा चुनावों में भीतराघात का आरोप झेल रही महिला नेत्री 21 जून वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि थी, लेकिन रातों-रात मुख्यातिथि बदला गया। इतना ही नहीं पोस्टर-बैनर से भी नेत्री गायब कर दी गई। कोई कह रहा था कि मैडम मंथन के दौर से गुजर रही हैं।

### आपके अंदर जो है वो पतरे में है

लोकसभा चुनावों में भीतराघात के मुद्दें पर भाजपा नेता जहां खुले तौर पर बोल रहे हैं, वहीं कांग्रेसी अभी भी जुबान दबाए बैठे हैं। कांग्रेस में हुई गद्दारी के सवाल पर अमीर कांग्रेसी नेता ने भी कहावत सुना दी। बोले एक महिला किसी पंडित को पतरा दिखाने गई थी तो पंडित ने कह दिया कि जो आपके भीतर है, वो पतरे में है।

### प्रेशर में अफसर, लिस्ट से आस

चुनावी दौर में सरकार ने अफसरों पर पूरा प्रेशर बनाया हुआ है। आलम ये है कि दो घंटे समाधान शिविर के बाद तरह-तरह की चार-पांच मीटिंग रोजाना हो रही है। लगातार बढ़ रहे प्रेशर के बीच कुछ अफसरों ने तो हेडक्वार्टर की पोस्टिंग के लिये दांव-पेंच लगा रखे हैं। जल्द ही ट्रांसफर लिस्ट भी आनी है, जिससे कईयों को उम्मीद भी है।

### भाभी ने कहा टिकट भैया की

पूर्व में सरकार का हिस्सा रह चुकी भाभी जी द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों में कहे गए दो बोल लोगों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। किसी ने बताया कि बैठकों में भाभी जी ने स्पष्ट कह दिया कि इस बार तो आपके भैया ही चुनाव लड़ेंगे। अब ये पता नहीं कि भाभी जी माहौल बना रही है या फिर माहौल भांप चुकी हैं।

### चेहरे पर लौट रही रौनक, मोटे हुए नेता

अर्श से फर्श पर आए नेताजी के चेहरे पर रौनक लौट आई है। खूब वायरल होने के बाद नेताजी के स्टारडम के साथ-साथ स्वास्थ्य भी लगातार गिर रहा था। लेकिन अब नेताजी का स्वास्थ्य भी सुधर गया है, मोटे भी हो गए हैं। कोई कह रहा था कि लोकसभा में कांग्रेस की जीत के बाद से नेताजी को पानी भी घी की तरह लग रहा है।

## जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक, हाईवे पर दुघर्टनाओं के कारणों का पता लगाने के निर्देश

- बरसात के समय किसी भी सड़क पर खड़ा न हो पानी, अन्यथा संबंधित एजेंसी के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सड़क निर्माण करने वाली सभी एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम पूरे करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला में नेशनल हाइवे, केएमपी-केजीपी व अन्य सडकों में जहां भी सड़क दुर्घटना में किसी की मृत्यु होती है तो उसक स्थान को चिन्हित कर वहां पर सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाकर सभी व्यवस्थाओं का तुरंत पूरा करवाएं ताकि वहां भविष्य में कोई सड़क दुर्घटना न हो सके। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित जिला सडक सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए रोड निर्माण करने वाली एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी सडक में बरसात के समय कहीं भी पानी नहीं खड़ा होना चाहिए इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने सभी रोड़ के साथ बने नालों की जांच कर मरम्मत करवाएं। इसके बावजूद भी अगर किसी सड़क पर पानी खड़ा मिला तो संबंधित सड़क एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने आरटीए को निर्देश दिए कि अगले एक सप्ताह में जींद-सोनीपत हाइवे पर बनने वाले ट्रैफिक पार्क की पेमाईस करवाना सुनिश्चित करें ताकि इसके निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। इसके अलावा शहर में मुरथल चौंक, बहालगढ़ चौंक आदि की पेमाईस करवाने के लिए उपायुक्त ने डीआरओ को निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर, एसडीएम खरखौदा श्वेता सुहाग, डीआरओ हरिओम अत्री तथा डीडीपीओ जितेन्द्र सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## घर बैठे कमाई का झांसा देकर 1.13 लाख की ठगी

**गोहाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी से साइबर ठगों ने घर बैठे कमाई करने झांसा देकर 1.13 लाख रुपये ठग लिए। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर घर बैठे पैसे कमाने का विज्ञापन देखकर दिए गए वाट्सएप नंबर पर काल की। उसके बाद उनके नंबर पर टेलीग्राम चैनल का लिंक भेज दिया गया। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गांव ककाना भादरी के विजय माथुर ने फेसबुक अकाउंट पर घर बैठे पैसे कमाने का विज्ञापन देखकर वाट्सएप नंबर पर संपर्क किया तो साइबर ठगों के कहने पर टेलीग्राम चैनल ज्वाइन कर लिया इसके बाद टास्क पूरा करता तो लाभ के साथ पैसे भेजे देते कुछ दिन बाद साइबर ठगों ने कहा कि उनकी पैमेंट अटक गई है जिसके बाद उसे पैसे नहीं मिले।

## सीमित संसाधनों से श्रेष्ठ वस्तुओं का निर्माण संभव



**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने बुधवार को कहा कि सीमित संसाधनों से भी श्रेष्ठ वस्तुओं का निर्माण संभव है। वह स्कूल में चार दिन से चल रहे समर कैंप का समापन कर रहे थे। यह समर कैंप कक्षा 3 से 8 के विद्यार्थियों के लिए था। समर कैंप का मार्गदर्शन शिशु वाटिका की प्रमुख सुनीता वर्मा ने किया। संयोजन शिक्षिका अंजू ने राजबाला और प्रवेश के सहयोग से किया। समर कैंप में विद्यार्थियों को कुकिंग के साथ योग, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, आत्म रक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने बच्चों से कहा कि आप का मन सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहना चाहिए। आप जितना अधिक सकारात्मक होंगे, आप जीवन में उतने अधिक सफल होंगे। समर कैंप के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को उपहार भी दिए गए।

## किसानों को दिया धान की सीधी बिजाई का प्रशिक्षण




**गोहाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को गांव भंडेरी और गांव गामड़ी में धान की सीधी बिजाई को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में किसानों को धान की सीधी बिजाई का प्रशिक्षण देने के साथ इसके फायदे भी बताए। मुख्य वक्ता विभाग के गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि किसान अपने खेत में धान की सीधी बिजाई करें। धान की सीधी बिजाई करने पर सरकार द्वारा किसान को प्रति एकड़ 4 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। डॉ. मेहरा ने कहा कि धान की सीधी बिजाई करने पर फसल में पानी की लागत बहुत कम होती है जबकि रोपाई करने पर पानी की लागत बहुत अधिक होती है। ऐसे में किसान मशीन की सहायता से अपने खेत में धान की सीधी बिजाई करें। धान की सीधी बिजाई करने से धान की पैदावार पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, मेहनत भी कम लगती है और खर्च भी कम आता है। इस अवसर पर सहायक तकनीकी प्रबंधक कृष्ण खासा, संदीप व फील्डमैन अजय भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## बाबा आदेश नाथ की तपस्या पूर्ण होने पर लगाया भंडारा


राई। आंतिल बाराह खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल भंडारे में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

आषाढ़ माह की पंचमी व बाबा आदेश नाथ की तपस्या पूर्ण होने पर बुधवार को औरंगाबाद गांव के शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आंतिल बाराह खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल मुख्य रूप से शामिल हुए। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि साधु संतों ने अपने तप, तपस्या और सामर्थ्य से मानव का कल्याण किया है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि संतों ने सभी चुनौतियों, कठिनाइयों से लड़ने का आध्यत्मिक ज्ञान दिया है। संत भारत की संस्कृति के वाहन के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## उद्योगों में हुई आगजनी की घटनाओं को आपदा घोषित करने के लिए एफसीआर को पत्र लिखेगा जिला प्रशासन

- उपायुक्त ने पिछले दिनों उद्योगों में हुई आग लगने की घटनाओं को लेकर उद्योगों से जुड़े सभी विभागों के साथ की मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि पिछले दिनों जिला के उद्योगों में हुई घटनाएं काफी दुखद हैं और जिला प्रशासन इन्हें आपदा घोषित करने के लिए एफसीआर को पत्र लिखेगा। इसके साथ ही सभी उद्योगों की सुरक्षा आडिट भी करवाई जा रही है और अगर कहीं भी कोई लापरवाही मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी डा. मनोज कुमार बुधवार को पिछल दिनों विभिन्न उद्योगों में हुई आगजनी की घटनाओं को लेकर उद्योगों से जुड़े सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश दे रहे थे। मीटिंग के दौरान उन्होंने कहा कि जिन लोगों की मृत्यु हुई है उन्हें मुआवजा दिया या नहीं यह सुनिश्चिय किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रशासन सभी मृतकों के परिजनों व घायलों को मिले मुआवजा के प्रत्येक मामले की सची तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि कुछ घायलों को ईलाज के लिए फिमस अस्पताल, रामा अस्पताल, हसीजा अस्पताल व कई अन्य स्थानों पर ले जाया गया था। इन सभी अस्पतालों से घायलों का बिल आयुष्मान भारत योजना के रेटों पर लिया जाए। जिला उपायुक्त ने सचिव रेडक्रास को निर्देश दिए कि वह इन सभी घायलों के बिलों का भुगतान करवाना सुनिश्चित करे। अगर जिला रेडक्रास सोसायटी से दिक्कत आती है तो इसके लिए स्टेट रेडक्रास को उनकी तरफ से पत्र लिखा जाए। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो सीएसआर से मदद लेकर भी हम घायलों की मदद करेंगे। उपायुक्त ने मीटिंग में कहा कि हादसों में अगर किसी का कोई अंग-भंग हुआ है तो इसके लिए सीएमओ एक कमेटी बनाकर रिपोर्ट देंगे ताकि उन्हें मदद दिलवाई जा सके। मीटिंग में जीएम डीआईसी संजीत कौर, डीआरओ हरिओम अत्री, सीएमओ डॉ. जयकिशोर, डॉ. गीता दहिया आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### प्री मानसून की बारिश से मौसम में बदलाव, दो दिन छाएंगे बादल

# बारिश से मिली राहत, उमस ने निकाला पसीना

- प्री-मानसून के चलते मौसम में हो रहे तेजी से बदलाव
- दिन में उमस भरी गर्मी ने किया लोगों को परेशान
- 27 जून से 2 जुलाई तक फिर से बारिश का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। रेलवे रोड पर बूंदाबांदी के बीच बच्चे को गोद में लेकर जाती महिलाएं।

जिले में प्री-मानसून की हल्की बूंदाबांदी बुधवार को भी हुई। जिसकी वजह से मौसम में बदलाव आया। सुबह के समय हुई बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया, लेकिन दोपहर को फिर से धूप खिल गई। जिसकी वजह से उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। उमस भरी गर्मी लोगों के पसीने निकाल ही रही थी कि शाम के समय फिर से बादल छा गए और हवाएं चलने लगी। जिसकी वजह से मौसम में फिर बदलाव हो गया। दूसरी ओर मौसम विशेषज्ञों की मानें तो प्री मानसूनी हवाओं के कारण 27 से 29 जून तक बादल छाने, गरज व चमक के साथ कहीं-कहीं बारिश होने के आसार बने हुए हैं। इसके बाद 30 जून से 2 जुलाई तक फिर से बारिश के संकेत बताए गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में बुधवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन हवा नहीं चलने से लोगों को घुटन भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि सुबह कुछ क्षेत्रों में हुई बूंदाबांदी से राहत मिली, लेकिन यह ज्यादा देर बरकरार नहीं रह सकी। कुछ ही देर में धूप खिल आई और लोगों को फिर उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ी। वातावरण में उमस की मात्रा 80 फीसदी तक पहुंच गई। जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया था। दिन भर 10 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चली।

### 02 जुलाई तक परिवर्तनशील रह सकता है मौसम

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो प्रदेश में 27 से 29 जून और इसके बाद 2 जुलाई तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। चार-पांच दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर भारत की और तेजी से बढ़ने की संभावना है। जिस कारण हरियाणा में भी बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना बन रही है। 30 जून से 2 जुलाई के दौरान ज्यादातर क्षेत्रों में हल्की से मध्यम और कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश होने की संभावना बन रही है। इससे दिन के तापमान में गिरावट रहने व वातावरण में नमी की मात्रा अधिक रहने की संभावना है।

### तेज हो गई धान की रोपाई

कई दिनों से मौसम के मिजाज में आए बदलाव के बाद अब जिले में धान की रोपाई प्रक्रिया में भी तेजी आ गई है। आसमान में बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी से तापमान में कमी आई है। जिले में करीब 90 हजार हैक्टेयर भूमि में धान की रोपाई व बिजाई की जाती है।

### तापमान में दिखी गिरावट

प्रदेश में 2 जुलाई तक मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। 27 जून से 2 जुलाई तक प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश की संभावना बन रही है। इस दौरान दिन के तापमान में गिरावट रहने व वातावरण में नमी की मात्रा अधिक रहने का अनुमान है।

- डॉ. प्रेमदीप, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर